
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

**जयंती विशेष**

**26 सिंतबर 2026**

# Teachers of Bihar

*— The Change Makers —*

## आज का सुविचार



**जीवन में सफलता और प्रतिष्ठा पाने के लिए विनम्रता आवश्यक है अन्यथा समय व्यक्ति को स्वयं झुका देता है।**

ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(स्वतन्त्रता सेनानी)

जन्म: 26 सितम्बर 1820 मृत्यु: 29 जुलाई 1891

राकेश कुमार

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **26.09.2026**

## मचान
## **Scaffolding**

शिक्षा में मचान **(Scaffolding)** का अर्थ है—शिक्षक द्वारा विद्यार्थी को किसी कार्य या अवधारणा को सीखने में अस्थायी सहायता, मार्गदर्शन और संकेत देना, ताकि विद्यार्थी धीरे-धीरे स्वयं उस कार्य को करने में सक्षम हो सके। यदि विद्यार्थी कोई गणित का प्रश्न स्वयं हल नहीं कर पा रहा है, तो शिक्षक पहले संकेत या चरण बताता है। विद्यार्थी समझने के बाद जब स्वयं प्रश्न हल करने लगता है, तो शिक्षक सहायता कम कर देता है। यह अवधारणा वाइगोत्स्की **(Vygotsky)** के निकटस्थ विकास क्षेत्र **(ZPD)** से संबंधित है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



ओएनजीसी (ONGC) को 'समुद्र मंथन' प्रोजेक्ट के तहत ओडिशा तट के पास प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार मिला है। इस बड़ी खोज से भारत की गैस के लिए विदेशी आयात पर निर्भरता काफी हद तक कम हो सकेगी।

# विज्ञान प्रतियोगिता

## ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

### सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

**प्रश्नः** इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?

- **A** रदरफोर्ड
- **B** चैडविक
- **C** जे. जे. थॉमसन
- **D** नील्स बॉर




**जे. जे. थॉमसन**
(इलेक्ट्रॉन की खोज)

www.teachersofbihar.org

हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें,
और देश का नाम रोशन करें!

Anupriya

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

मधु प्रिया

# विश्व मूक बधिर दिवस

## 26 सितम्बर




सुनने की कमी,
समझने की नहीं

विश्व मूक बधिर दिवस हर वर्ष 26 सितम्बर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य मूक बधिर व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, उनकी शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समावेशन को प्रोत्साहित करना है।

आइए, हम सब मिलकर मूक बधिर व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील बनें, उन्हें समान अवसर और सम्मान दें।

**समावेशी समाज ही सशक्त समाज हे।**

"शिक्षा ही मनुष्य का सच्चा आभूषण है।"
– ईश्वर चंद्र विद्यासागर



महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्,
लेखक एवं मानवतावादी

# ईश्वर चंद्र विद्यासागर

## की जयंती

## 26 सितम्बर

के अवसर पर

## *उन्हें कोटि-कोटि नमन*




### जीवन परिचय

ईश्वर चंद्र विद्यासागर का जन्म 26 सितत्बर 1820 को बंगाल (पश्चिम बंगाल) में हुआ था। वे एक महान विद्वान, समाज सुधारक, शिक्षाविद् और करुणामय मानव थे। उन्होंने अपने ज्ञान, साहस और सेवा भावना से समाज में नई चेतना का संचार किया।

### उनके प्रमुख योगदान

- विधवा पुनर्विवाह आंटोलन के प्रबल समर्थक।
- बाल विवाह के विरोधी और नारी शिक्षा के हिमायती।
- बंगला भाषा के महान विद्वान एवं लेखक।
- अनेक ग्रंथों की रचना, जिनमें 'बर्ण परिचय' विशेष प्रसिद्ध है।
- समाज में समानता, शिक्षा और मानवता की भावना को प्रोत्साहित किया।

**उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं।**

आइए, उनके आदर्शों को अपनाकर
शिक्षा, समानता और मानवता के पथ पर चलें।

राकेश कुमार

wwwteachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# TOB खेल कॉर्नर

## ICC टी-20 बैटिंग रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | ईशान किशन | भारत | 904 |
| 2 | अभिषेक शर्मा | भारत | 893 |
| 3 | साहिबजादा फरहान | पाकिस्तान | 848 |
| 4 | हैरी ब्रूक | इंग्लैंड | 793 |
| 5 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 789 |
| 6 | डेवाल्ड ब्रेविस | साउथ अफ्रीका | 789 |
| 7 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 775 |
| 8 | पथुम निसांका | श्रीलंका | 757 |
| 9 | तिलक वर्मा | भारत | 726 |
| 10 | मिचेल मार्श | ऑस्ट्रेलिया | 706 |

# Teachers of Bihar

*The change makers*

सितंबर
26

## 26 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

**1087** विलियम द्वितीय इंग्लैड के सम्राट बने।


**1777** अमेरिकी क्रांति: ब्रिटिश सैनिकों का फ़िलाडेलफिया पर कब्जा।


**1872** न्यूयॉर्क सिटी में पहला मंदिर बना।



**1950** संयुक्त राष्ट्र सैनिकों ने उत्तर कोरिया के सैनिकों से सोल को अपने कब्जे में लिया।



**1950** इंडोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की।


**1959** जापान के इतिहास में सबसे शक्तिशाली तूफान 'वेरा' से 4580 लोगों की मौत और 16 लाख लोग बेघर हुए।


**1960** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों जॉन एफ केनेडी और रिचर्ड निक्सन के बीच बहस का पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण।


**1984** यूनाइटेड किंगडम हांगकांग को चीन के हवाले करने के लिए सहमत हुआ।




**1998** सचिन तेंदुलकर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ़ एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 18वां शतक लगाकर डेसमंड हेन्स का विश्व रिकार्ड तोड़ा।


**2001** अमेरिका ने लादेन के बाद कश्मीरी आतंकवादियों से निपटने का भारत को आश्वासन दिया।


**2002** फ्रांस ने ईराक पर एकतरफ़ा कार्रवाई का विरोध किया।


**2004** अमेरिका ने असैनिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए भारत को तकनीक देने का निर्णय किया।


**2007** वियतनाम के दक्षिणी शहर कैनथों में एक निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त हो जाने से 62 श्रमिकों की मृत्यु हो गई।


**2009** पूजाश्री वेंकटेश ने रश्मि चक्रवर्ती को हराकर आई.टी.एफ. महिला टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।
पंकज आडवाणी 76वीं नेशनल बिलियर्ड्स और स्नूकर चैम्पियनशिप में बिलियर्ड्स चैम्पियन बने।



**2009** फिलिपींस, चीन, वियतनाम, कंबोडिया, लाओस और थाईलैंड में कैटसाना तूफान से 700 लोगों की मौत।


**2011** दिल्ली मेट्रो दुनिया का पहला ऐसा रेलवे नेटवर्क बना है जिसे संयुक्त राष्ट्र ने ग्रीन हाउस गैसों में कमी लाने के लिए 'कॉर्बन क्रेडिट' दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने विज्ञप्ति में कहा है कि इस परिवहन प्रणाली ने शहर का प्रदूषण स्तर एक साल में 6,30,000 टन कम किया है।


### जन्म (Births)

**1820** ईश्वर चन्द्र विद्यासागर - प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षाशास्त्री और स्वाधीनता सेनानी।

**1888** टी.एस. इलियट - नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकन, अंग्रेज़ी लेखक।

**1912** मोहम्मद सलीम - 16वीं लोकसभा में सांसद थे।

**1921** सूबेदार जोगिन्दर सिंह - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक।

**1923** देव आनंद - फ़िल्म अभिनेता और निर्माता।

**1932** डॉ. मनमोहन सिंह - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री।

## 26 सितंबर को जन्मे व्यक्ति

**1820** ईश्वर चन्द्र विद्यासागर - समाज सुधारक, शिक्षाशास्त्री और स्वाधीनता सेनानी।


**1888** टी.एस. इलियट - नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकन, अंग्रेज़ी लेखक।



**1912** मोहम्मद सलीम - 16वीं लोकसभा में सांसद थे।


**1921** सूबेदार जोगिन्दर सिंह - परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक।


**1923** देव आनंद - फ़िल्म अभिनेता और निर्माता।


**1932** डॉ. मनमोहन सिंह - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री।


## 26 सितंबर को हुए निधन

**1842** लॉर्ड वेलेजली - 1798-1805 ई. तक भारत के गवर्नर-जनरल रहे।


**1956** लक्ष्मण काशीनाथ किर्लोस्कर - भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति।


**1958** टी. बी, कुन्हा - गोवा के स्वतंत्रता सेनानी।


**1977** उदय शंकर - भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य के नर्तक, नृत्य निर्देशक और बैले निर्माता।


**1989** हेमन्त कुमार - हिन्दी फ़िल्मों के पार्श्वगायक और संगीतकार।


## 26 सितंबर के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

सी.एस.आई.आर, स्थापना दिवस

विश्व मूक बधिर दिवस

शिक्षा ◆ संस्कार ◆ समृद्धि

/teachersofbihar

*Madhu Priya*

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

**सुरक्षित विद्यालय – सुरक्षित छात्र – सुरक्षित समाज – सुरक्षित बिहार**

**सितंबर माह – चतुर्थ शनिवार**

**दिनांक : 26.09.2026 (शनिवार)**



# नाव दुर्घटना एवं डूबने से बचाव के उपाय



**कौशल विकास प्रशिक्षण तथा अभ्यास (मॉक ड्रिल)**

**का सभी विद्यालयों में आयोजन करें।**

## नाव दुर्घटना के मुख्य कारण

- नाव की क्षमता से अधिक लोगों का बैठना।
- नाव का पुराना, कमजोर या बिना मरम्मत के उपयोग।
- लाइफ जैकेट का उपयोग न करना।
- नाविक का अनुभवहीन या नशे की हालत में होना।
- तेज बहाव, आंधी, तूफान या खराब मौसम में नाव चलाना।
- नाव में संतुलन बिगड़ना या अचानक खड़ा होना।



## डूबने के मुख्य कारण

- तैरना न आना।
- गहरे पानी में अकेले जाना।
- जल स्रोत के पास खेलते समय फिसलना।
- बाढ़ में बह जाना।
- नदी की धारात में पानी में उतरना।
- धारदार या पानी निगल लेने से कमजोरी होना।



## नाव दुर्घटना एवं डूबने से बचाव के उपाय



नाव पर निर्धारित संख्या से अधिक लोग न बैठेंरें।



नाव में यात्रा करते समय लाइफ जैकेट अवश्य पहनें।



अनुभवी नाविक से ही नाव चलवााएँ।



तेज बहाव, तूफान या खराब मौसम में नाव से यात्रा न करें।



जल स्रोत के पास खेलते समय सावधानी रखें।



केवल सुरक्षित एवं चिन्हित स्थान पर ही नहाएँ।

## स्वयं डूबने से बचने के लिए



- नहरे पानी में न जाएँ।
- तैरना नहीं आता हो तो
- पानी में न उतरें।



बहाव में फँस जाएँ तो घबराएँ नही, पीठ के बल लेटें और तैरने का प्रयास करें।



किसी को डूबते देखें तो शोर मचाएँ और सहायता के लिए दूसरों को बुलाएँ।



बचाव के लिए डंड़ा, रस्सी, ट्युब, खाली ड्रम या अन्य सुरक्षित साधन का उपयोग करें।

## स्थल जल – स्वस्थ जीवन

- नल का पानी उबालकर या क्लोरीन की गोली से शुद्ध करके ही पिएँ।
- हैंडपंप का पानी आवश्यक अवसर क्लोरीन की गोली से शुद्ध करके ही पिएँ।
- खुले स्रोत का पानी (नदी/तालाब/नाला) बिना शुद्ध किए न पिएँ।
- स्वच्छ वाले स्वच्छ बर्तन में ही पेयजल रखें। हाथ धोएँ – खाने से पहले, शौच के बाद और पानी भरने के बाद।

## इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- बाढ़ के दौरान बिजली के खंभों, तारों और पेड़ों से दूर रहें।
- नदी, तालाब या जलाशय के पास अकेले न जाएँ।
- मोबाइल/आपातकालीन नंबर (112) हमेशा पास रखें।
- स्कूल स्तर पर मॉक ड्रिल में सक्रिय रुप से भाग लें।




**तारीख :** 26.09.2026 (शनिवार)

**समय :** मध्यांतर के बाद

**आयोजन स्थान :** आपका विद्यालय

**मास्टर ट्रेनर – राकेश**

शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय बड़की बलियारी, बिक्रम, पटना

मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम – सुरक्षित विद्यालय, सुक्षित बिहार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# आज का TOB क्विज़...

सामान्य ज्ञान

करेंट अफेयर्स के साथ...



## भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण की शुरुआत कब हुई थी ?

A. 1857 में

B. 1919 में

C. 1950 में


D. 1962 में




ज्ञान से ही बनता है बेहतर कल...




विज्ञान से नवाचार,
नवाचार से समृद्धि
CSIR-INDIA
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सी.एस.आई.आर.
स्थापना दिवस
26 सितंबर
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर.) भारत सरकार के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संगठन है, जिसकी स्थापना 26 सितंबर 1942 को की गई थी। यह देश में वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है।
सी.एस.आई.आर. के उद्देश्य
वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहन देना
उद्योगों के साथ मिलकर नवाचार को बढ़ावा देना
देश की आत्मनिर्भरता और सतत विकास में योगदान
समाज के लिए उपयोगी प्रौद्योगिकी का विकास
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी
(प्रथम अध्यक्ष, सी.एस.आई.आर.)
विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार से
सशक्त भारत की ओर...
www .teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
सादगी, ईमानदारी
और दूरदर्शिता
की मिसाल
ECONOMICS
DEVELOPMENT
REFORMS
डॉ. मनमोहन सिंह
जयंती पर
सादर नमन
26 सितंबर 1932 – 26 दिसंबर 2024
भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री
राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सादर स्मरण।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

## Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



मध्य विद्यालय कोआही, रून्नीसैदपुर
सीतामढ़ी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




**प्राथमिक विद्यालय मिल्की नवाबगंज समेली, कटिहार**

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR

THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar




पर्दा कन्या मध्य विद्यालय

आरा नगर, भोजपुर

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

Teachers Of Bihar Presents

# Smiling Faces Of Bihar



प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर मुशहरी
झंझारपुर, मधुबनी

www.teachersofbihar.org

MRITUNJAY KUMAR